हिंदी दैनिक

रहस्य संदेश

296 लखनऊ व एटा से प्रकशित शनिवार 21 नवंबर 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य :

सीएसए में एससीएसपी योजनांतर्गत किसानों को वितरित किए गए आलू बीज

अनवर अशरफ

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के शाकभाजी अनुभाग कल्याणपुर पर संचालित अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत एससीएसपी के अधीन जनपद कानपुर देहात के दिलीप नगर क्षेत्र के आसपास के 50 किसानों को 100 कुंटल आलू का बीज कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रदर्शन हेतु वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति डॉ संजीव गुप्ता द्वारा नवीन बीज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को बताया कि जो बीज वितरित किया जा रहा है वह उन्नत किस्म का है इसके उत्पाद को अगले वर्ष खाने के स्थान पर बीज के रूप में प्रयोग करना है तथा अन्य किसानों को भी बीज के रूप में उपलब्ध कराना है। प्रभारी शाकभाजी अनुभाग डॉ केशव आर्य द्वारा बताया गया कि



योजना के अंतर्गत इससे पूर्व जनपद औरैया के किसानों को भी 100 कुंटल आलू का बीज वितरित किया जा चुका है। इस अवसर पर डॉ राजीव, सस्य वैज्ञानिक, डॉ राजीव पाल कीट वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी डॉ अजय सिंह के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए।

द बैनर 21/11/2026

सीएसए ने बांटा उन्नत आलू बीज



द बैनर न्यूज

कानपुर। सीएसए के शाकभाजी अनुभाग, कल्याणपुर में संचालित अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना के तहत एससीएसपी योजना में 50 किसानों को 100 क्विंटल आलू के बीज वितरित किए गए। जनपद कानपुर देहात के दिलीप नगर क्षेत्र के आसपास के किसानों को कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में बीज उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने किसानों को उन्नत बीजों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वितरित किए गए आलू बीज की फसल से प्राप्त उत्पादन को अगले वर्ष खाने के बजाय बीज के रूप में सुरक्षित रखें और अन्य किसानों को भी उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें।

शाकभाजी अनुभाग के प्रभारी डॉ. केशव आर्य ने बताया कि इससे पूर्व इसी योजना के तहत औरैया जनपद के किसानों को भी 100 क्विंटल आलू बीज वितरित किया जा चुका है। कार्यक्रम में डॉ. राजीव, सस्य वैज्ञानिक, डॉ. राजीव पाल, कीट वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी डॉ. अजय सिंह ने भी किसानों को जानकारी दी।

स्वतंत्र चेतना 21/11/2026

सीएसए में किसानों को मिला उन्नत बीज



कानपुर। सीएसए के शाकभाजी अनुभाग, कल्याणपुर में संचालित अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना के तहत एससीएसपी योजना में 50 किसानों को 100 क्विंटल आलू के बीज वितरित किए गए। जनपद कानपुर देहात के दिलीप नगर क्षेत्र के आसपास के किसानों को कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में बीज उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने किसानों को उन्नत बीजों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वितरित किए गए आलू बीज की फसल से प्राप्त उत्पादन को अगले वर्ष खाने के बजाय बीज के रूप में सुरक्षित रखें और अन्य किसानों को भी उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। शाकभाजी अनुभाग के प्रभारी डॉ. केशव आर्य ने बताया कि इससे पूर्व इसी योजना के तहत औरैया जनपद के किसानों को भी 100 क्विंटल आलू बीज वितरित किया जा चुका है। कार्यक्रम में डॉ. राजीव, सस्य वैज्ञानिक, डॉ. राजीव पाल, कीट वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी डॉ. अजय सिंह ने भी किसानों को जानकारी दी।